प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/2424 दिनांकः 20 दिसम्बर, 2025

सेवा में,

**निदेशक/प्राचार्य,**
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः** विश्वविद्यालय की सत्र 2025–26 के विषम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें सम्पन्न करते हुए प्राप्ताकों को ऑन–लाइन उपलोड़ किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025–26 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की **प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें** छात्रहित में सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदनोंपरान्त ऑफ–लाइन मोड गत् वर्षो/सेमेस्टरों की भांति वर्तमान से प्रारम्भ कर सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की लिखित परीक्षा की समाप्ति के एक सप्ताह (One Week) तक की अवधि में सम्पादन/सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

उक्त प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें सम्पन्न कराने हेतु परीक्षकों (शिक्षकों) की डयूटी की सूची संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में तथा सम्बन्धित शिक्षकों के ई0आर0पी0 लॉगिन में भी अपलोड/उपलब्ध कराई जा रही है तथा उक्त के संबंध में सम्बन्धित परीक्षकों (शिक्षकों) से सम्पर्क कर छात्रहित में प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा विश्वविद्यालय के नियमों तथा संबधित गाइड लाइन के अनुसार व्यवस्था कराने का कष्ट करें तथा **प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा के प्राप्तांको को ऑन–लाइन ई0आर0पी0 पोर्टल परीक्षा दिवस में ही परीक्षा पूर्ण होने तक तत्काल/ससमय अपलोड कराना सुनिश्चित करें साथ ही परीक्षा के दौरान (प्रारम्भ, मध्य एवं समाप्ति पर) वाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक एवं छात्र/छात्राओं के साथ तीन Geotag ग्रुप फोटोग्राफ (एक फोटो का अधिकतम Size 1MB रहेगा) को भी ऑन–लाइन अपलोड करना अनिवार्य है।** इन सभी परीक्षा संबंधित समस्त प्राप्तांकों एवं दस्तावेजो/प्रपत्रों को विधिवत सुरक्षित रखे, ताकि विश्वविद्यालय में समय–समय पर आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जा सकें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। उक्त के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा/समस्या की दशा में ई–मेल आई0डी0 **dcoe_b@aktu.ac.in** पर सम्पर्क करें।

भवदीय

Deepak Nagaria
20/12/2025

**( प्रो0 दीपक नगरिया )**
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त नियंत्रक/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

/

**( प्रो0 दीपक नगरिया )**
परीक्षा नियंत्रक